Publication: **Prabhat Khabar** | Region: **Kolkata** | Date: **12/11/2014** | Page No.: **03**


# सोशल नेटवर्किंग साइट पर शुरू हुआ डू गुड अभियान

**कोलकाता.** देश के किसी भी क्षेत्र में रहनेवाला व्यक्ति, जिसने अपने देश और समाज के लिए बेहतर कार्य किया है तथा जिसने बिना किसी सीमा के बंधन को मानते हुए किसी की भलाई की है, ऐसे लोगों के कारनामों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट पर विशेष अभियान 'डू गुड' शुरू किया गया. यह अभियान रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने शुरू किया है. इस संबंध में कंपनी के सीइओ अनूप राउ ने बताया कि इससे पहले कंपनी ने सफलतापूर्वक दो अभियान चलाया था. कंपनी द्वारा यह तीसरा अभियान चलाया जा रहा है, जो किसी भी व्यक्तिगत या लोगों के समूह के कारनामों को लोगों तक पहुंचायेगा. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान से अन्य लोगों को भी किसी की मदद करने की प्रेरणा मिलेगी. कंपनी ने अपने एक करोड़ पॉलिसी ग्राहकों के माध्यम से इस अभियान को और तेज करने का फैसला किया है.